समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# LOC पर भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ी टेशंन का असर, एक बार फिर 1 लाख रुपये के पार पहुंचा सोने का भाव।

Publisher Published on 08 May 2025



**पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे 9 आतंकी ठिकानों पर भारत के जोरदार हवाई के बाद सीमा पर तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों मे भी उछाल आया है.**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने से मांग में आई तेजी के बीच सोने की कीमतें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को 1,000 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गईं. अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई. मंगलवार को यह 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी.

22 अप्रैल को 1 लाख के पार पहुंचा था भाव
सोना इसके पहले 22 अप्रैल को भी 1800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था. भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना भी शामिल है.

पहलगाम टेरर अटैक का लिया बदला
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकवादी हमले के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत ये हमले किए गए. इस आतंकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान गई थी.

सोने में आई तेजी के बीच चांदी की कीमत
वहीं, बुधवार को 99.5 प्रतिशत की शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई. यह

पिछले सत्र में 99,300 प्रति 10 ग्राम पर रही थी. वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 62.12 यानी 1.8 प्रतिशत बढ़कर 3,369.65 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया. वहीं हाजिर चांदी का भाव 1.24 प्रतिशत से घटकर 32.81 डॉलर प्रति औंस हो गया. इसके अलावा, चांदी की कीमतें भी 440 रुपये बढ़कर 98,940 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं. मंगलवार को यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.